गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी, 2026 के आयोजन हेतु दिशा-निर्देश :-

मुख्य सचिव, महोदया उत्तराखण्ड देहरादून के पत्र-25/ई0360585/xxii/2026/80(10)2010 दिनांक 13-01-2026 के अनुपालन में आगामी 26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन हेतु कार्यकम की रूपरेखा विशेष परिस्थितियों में अपरिहार्यता की दशा में स्थानीय स्तर पर निम्नवत् किये जायेगें।

1. गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त राजकीय कार्यलयों एवं भवनों के प्रकाशीकरण की कार्यवाही दिनांक 25.01.2026 एवं दिनांक 26.01.2026 को की जायेगी। प्रकाशीकरण का समय सांयकाल 6.00 बजे से 11.00 बजे रात्रि तक रहेगा। इसमें कम वोलटेज के बल्वों/एल.ई.डी. का प्रयोग सुनिश्चित किया जायेगा।

(कार्यवाही-समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष उत्तरकाशी)

2. सूचना विभाग द्वारा जनपद मुख्यालय के प्रमुख चौराहों विश्वनाथ चौक, हनुमान चौक, सुमन चौक, तिलोथ पुल, पुलिस लाईन ज्ञानसू, तहसील बड़कोट अन्तर्गत तिलाड़ी एवं अन्य तहसील अन्तर्गत प्रमुख चौराहों पर दिनांक 25 जनवरी, 2026 को सांय 6.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक तथा दिनांक 26 जनवरी, 2026 को प्रातः 6.00 बजे से 11.00 बजे पूर्वाह्न तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देशप्रेम एवं देश भक्ति के गीतों का प्रसारण किया जायेगा।

(कार्यवाही-सूचना अधिकारी उत्तरकाशी)

3. दिनांक 26 जनवरी, 2026 को प्रातः 9.30 बजे सभी सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में झण्डारोहण किया जायेगा। झण्डारोहण के पश्चात पुलिस लाईन ज्ञानसू में शिक्षण संस्थाओं के छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा।

(कार्यवाही-समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष उत्तरकाशी)

4. गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक सप्ताह पूर्व से जनपद के महत्वपूर्ण स्थानो पर पुलिस/आई0टी0बी0पी0/एन0सी0सी0/विद्यालयी बैण्ड द्वारा वंदे मातरम् तथा देशभक्ति के गीतों की धुन के आधार पर प्रदर्शन किया जायेगा।

(कार्यवाही-पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी/कमाण्डेड आई0टी0बी0पी0 मातली /महिडाण्डा/मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तरकाशी/कमाण्डिंग 3यू0के0 बटालियन एन0सी0सी0 ऑफीसर उत्तरकाशी।)

5. गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जनपद में बृहद रूप से सफाई अभियान का कार्यक्रम सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु

पर्यावरण विशेषज्ञ (स्वजल) उत्तरकाशी को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। नोडल अधिकारी को निर्देश दिये जाते हैं कि जनपद स्तर पर वृहद रूप से सफाई अभियान हेतु कार्ययोजना तैयार कर आज से दिनांक 31.01.2026 तक सफाई अभियान सम्पन्न करवायेंगे। उक्त अभियान में समस्त स्थानीय निकाय नोडल अधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

(कार्यवाही- पर्यावरण विशेषज्ञ (स्वजल)उत्तरकाशी/समस्त अधि0अधि0 नगर पालिका /नगर पंचायत/अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जनपद उत्तरकाशी।)

6. प्राय: देखा गया है कि गणतन्त्र दिवस समारोह के उपरान्त Hand Flags अव्यवस्थित रूप से यहां-वहां गिरे रहते है, जिससे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता है। इस सम्बन्ध में समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत एंव अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जनपद उत्तरकाशी को निर्देश दिये जाते हैं कि शहर अन्तर्गत अव्यवस्थित ढंग से पड़े हुये Hand Flags को एकत्रित किये जाने की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे।

(कार्यवाही-पुलिस अधीक्षक/सम्बन्धित क्षेत्र के अधि0 अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत/अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उत्तरकाशी।)

7. गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सालयों में भी विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। साथ ही रोगियों को फल वितरण किया जायेगा। इस सम्वन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी को उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी को निर्देश दिये जाते है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर चिकित्सालयों में विशेष सफाई अभियान के साथ रोगियों को फल वितरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

(कार्यवाही-मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी।)

8. यह भी निर्देश दिये जाते है कि गणतंत्र दिवस समारोह जैसे राष्ट्रीय पर्व को इस तरह से मनाया जाय कि जिससे राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्मनिरपेक्षता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की भावना वलवती हो। समारोह में सभी वर्गो की भागीदारी सुनिश्चित हो एवं उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक धरोहर प्रतिविम्वित हो। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय पर्व में प्रतिभाग किया जायेगा। राष्ट्रीय पर्व के इस अवसर पर सभी अधिकारीगण अपनी सहभागिता/उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे।

(कार्यवाही-समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष उत्तरकाशी)

(प्रशान्त आर्य)
जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

कार्यालय जिलाधिकारी उत्तरकाशी।

संख्या 3114 /XV-06 (2020-21) दिनांक 21 जनवरी, 2026

<u>प्रतिलिपि :-</u> समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष जनपद उत्तरकाशी को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।